# पाली में गांवों के लिए फसल बीमा योजना के रथ रवाना किए



पाली जिला कलैक्टर नमित मेहता ने कलैक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिला कलैक्टर नमित मेहता ने सोमवार को कलैक्ट्रेट परिसर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रथों को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजना की जानकारी देने के लिए रवाना किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर जिला कलैक्टर ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित इस योजना के तहत खराब मौसम, प्राकृतिक आपदाओं, कीट और रोगों द्वारा नुकसान होने पर किसानों को बीमा कवरेज व आर्थिक सहायता मिलने से राहत मिलेगी।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रचार रथो द्वारा योजना का जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार कर किसानों व आमजन को जानकारी दी जाए, जिससे कि वे इस योजना से लाभान्वित हो सके।

कृषि विभाग के उप निदेशक प्रहलाद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का 10 रथों द्वारा जिले के प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार किया जाएगा एवं अभियान 24 जुलाई तक नियमित रहेगा। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान अधिकारी प्रदीप छाजेड़ एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ ने कार्य संभाला

**जोधपुर**, (कासं)। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त रविदत्त गौड़ ने सोमवार सुबह जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में पदभार ग्रहण किया।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि बेहतर पुलिसिंग के साथ अच्छे समाज की स्थापना पुलिस की प्राथमिकताएं रहेगी। सोशल मीडिया पर पुलिस की पूरी नजर के साथ फोकस रहेगा। इसके लिए अभय कमांड को और मजबूत किया जाएगा।

पुलिस आयुक्त गौड़ ने पदभार ग्रहण के बाद कहा कि राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशानुसार प्राथिमकताएं रहेगी। जिसमें बेहतर पुलिसिंग के साथ अच्छे समाज की स्थापना और शहर में सामाजिक सौहार्द कायम रखना शामिल रहेगा। सीएलजी बैठकों के साथ आमजनता से संवाद कायम रहे इसके लिए पुलिसिंग पर जोर रहेगा। आमजन में किसी चेन स्नेचिंग, लूटपाट आदि घटनाओं से भय व्याप्त होता है, इसके लिए पुलिस की नाकाबंदी को और मजबूत किया जाएगा। घटनाओं को रोकने के लिए नाकाबंदी को मजबूती दी जायेगी। सोशल मीडिया पर पुलिस के फोकस और पूरी नजर रहेगी।

# शिक्षकों के लिए उत्कर्ष का अनूठा टीचिंग टैलेंट हंट शो

UTKARSH
CLASSES

**जोधपुर**, (कासं)। देश में कई प्रकार के शो आयोजित होते है जिनमें म्युजिक डांस, पाककला आदि के क्षेत्र में जीतने वालों की राष्ट्रीय पहचान बनती है लेकिन विद्यार्थियों के भाग्य निर्माता शिक्षक अपना उपयोगी योगदान देकर भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान नहीं बना पाते। उत्कर्ष के संस्थापक डॉ निर्मल गहलोत ने इस अनूठे विचार को साझा करते हुए बताया कि 10 प्रकार की केटेगरी में प्रतिभावान व ऊर्जावान शिक्षकों की पहचान कर उन शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा जो शिक्षक सामान्य ज्ञान, इकोनॉमी, जनरल साइंस, जियोग्राफी, हिस्ट्री, भारतीय संविधान व पोलिटी, गणित, मानसिक एवं तार्किक योग्यता, हिन्दी व्याकरण व अँग्रेजी व्याकरण विषयों को पढाने में दक्ष है। वे इस टैलेंट हंट प्रतियोगिता का हिस्सा बन सकते है।

इस प्रतियोगिता परीक्षा में वे सभी परीक्षार्थी भाग ले सकते है जिन्हें अपनी विषय विशेषज्ञता और अध्यापन कौशल पर भरोसा है या जो सिविल सेवा जैसी या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है तथा अपना ज्ञान विद्यार्थियों से किसी रूप में साझा करना चाहते हैं।

इसमें विजेता शिक्षकों को न केवल 51000 रुपये का पुरुस्कार दिया जायेगा बल्कि उन्हें उत्कर्ष के यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों को पढाने का मौका भी मिलेगा।

डॉ गहलोत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागी भाग लेंगे तथा देशभर के विद्यार्थियों शिक्षकों व आमजनों की इस पर नजर होगी। इस प्रतियोगिता में पहचान बनाने वाले शिक्षकों के लाखों विद्यार्थी प्रशंसक होते है। उत्कर्ष के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक करोड से अधिक लोगों के बीच में उनकी पहचान बनेगी तथा देशभर के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उन शिक्षकों को राष्ट्रीय पहचान मिलेगी।

3 जुलाई से आवेदन प्रारंभ होगा तथा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई होगी। 14 जुलाई को फॉर्म की जांच के बाद प्रतिभागियों की सूची जारी होगी। 20 जुलाई को ऑनलाइन टेस्ट होगा तथा उसी दिन परिणाम जारी होगा। 21 जुलाई से 4 अगस्त तक चयनित अभ्यर्थियों का ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। इस प्रकार हर विषय में चयनित पाँच प्रतिभागियों की 7 अगस्त से हर रविवार यूट्यूब पर लाइव कक्षा आयोजित होगी जिस पर विद्यार्थियों द्वारा भी वोटिंग की जायेगी।

## जे.डी.ए. ने कई अवैध निर्माण कार्य बंद कराए

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ. इन्द्रजीत यादव आयुक्त जेडीए के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते ने नियमित रूप से अवैध निर्माणों एवं अतिक्रमणों, अवैध कॉलोनियों, पार्किंग के इतर निर्मित बहुमंजिला इमारतों, अवैध खनन, सडक मार्गाधिकार के अतिक्रमणों तथा विभिन्न अन्य अतिक्रमणों के विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही की।

इसी क्रम दस्ते ने ग्राम चौपासनी जागीर, आंगणवा एवं बनाड में अवैध निर्माण कार्यों को बंद करवाया।

उपायुक्त पश्चिम नीरज मिश्र के निर्देशानुसार जेडीए दस्ते ने ग्राम चौपासनी जागीर खसरा संख्या 16 चौपासनी स्कूल के सामने सरकारी भूमि के मौका निरीक्षण के दौरान उक्त खसरें पर अवैध कॉलोनी काटी हुई पाई। वक्त मौका निरीक्षण अवैध कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 21 तथा 08 पर अवैध रूप से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था। दस्ते ने उक्त अवैध निर्माण कार्य को बंद करवाया जाकर निर्माण कार्य में काम आने वाले औजारों को जब्त कर प्राधिकरण कार्यालय लाया गया। दस्ते ने अतिकर्मी को सख्त हिदायत दी कि सरकारी भूमि पर किसी प्रकार अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करें।

इसी प्रकार दस्ते ने ग्राम बनाड खसरा संख्या 8/2 के निरीक्षण के दौरान सेना के निर्माण निषेध क्षेत्र में 45 गुणा 40 में चार दुकानों एवं 40 गुणा 40 में हत्थे का अवैध रूप से निर्माण कार्य किया जा रहा था। दस्ते ने उक्त अवैध व्यवसायिक निर्माण कार्य बंद करवाया जाकर निर्माण में काम आने वाले औजारों को जब्त कर प्राधिकरण कार्यालय लाया। जेडीए दस्ते ने कार्यवाही के दौरान अप्रार्थी को सख्त हिदायत दी गई कि बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये एवं बिना प्राधिकरण की सक्षम स्वीकृति के सेना के निर्माण निषेध क्षेत्र में किसी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य नहीं करें। मौका निरीक्षण के दौरान जेडीए दस्ते द्वारा ग्राम आंगणवा के खसरा संख्या 73 में भी अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ पाया गया।

कार्यवाहियों के दौरान प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन अधिकारी दक्षिण अमरसिंह रतनू, पटवारी उत्तर प्रहलाद सिंह, प्रवर्तन निरीक्षक पश्चिम अनिल शर्मा मय अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

# कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुन श्रद्धालु गद्गद्



जोधपुर में कबूतरों का चौक स्थित सीताराम जी के मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

**जोधपुर**, (कासं)। कबूतरों का चौक स्थित सीताराम जी के मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के भक्तों को खूब गुदगुदाया। कथा का वाचन करते पुष्पा जोशी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का बहुत ही मार्मिक चित्रण किया। आज भी भक्तों की भारी भीड उमडी। बडारामद्वारा के महन्त रामप्रसाद महाराज आज विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने भी भक्तों को संबोधित किया।

कलावती गोयल सहित आसूलाल दैय्या, गीता दैय्या, मनोहर लाल गोयल, मीना गोयल, देवेन्द्र गोयल, पूजा गोयल, दीपेश दैय्या, अल्पा, जवरीलाल दैय्या ने मंगलाचरण आरती में भाग लिया। छप्पन भोग की झांकी सजाई गई।

पुष्पा जोशी ने कहा कि आज का बचपन मोबाइल की भेंट चढ़ गया है। बच्चों की चंचलता लुप्त हो रही है, खेलना कूदना बच्चे भूल चुके है। बाप भी इसमें भागीदारी बने हुए है। कमलकांत व्यास ने बताया कि कथा का समय दोपहर। बारह बजे से सायं पांच बजे तक रखा गया है। कथा की पूर्ण आरती 6 जुलाई को होगी।

## यूनियन बैंक की एम.एस.एम.ई. शाखा शुरू

**जोधपुर**, (कासं)। यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की नवीन यूनियन एमएसएमई फर्स्ट शाखा (यूएमएफबी) का शुभारंभ बासनी औद्योगिक क्षेत्र में हुआ।

इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्र प्रमुख उपेन्द्र कुमार पाल, एमएसएमई लोन पाइंट प्रमुख प्रदीप कुमार निर्वाण एवं बैंक के ग्राहक सोहनलाल ने फीता काटकर शाखा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया की स्थानीय शाखा प्रबन्धक एवं क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबन्धक गिरधारी लाल होई, लालचन्द खटीक, मोहनराज व्यास, मुनीष बरेजा सहित शहर के अनेक गणमान्य उद्यमी व नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गिरधारीलाल डोई ने किया व आभार यूनियन एमएसएमई फर्स्ट के शाखा प्रबन्धक संतोष कुमार ने जताया।

## भारत विकास परिषद् का समारोह आयोजित

**भीनमाल**, (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा भीनमाल का दायित्व ग्रहण समारोह एवं आम सभा का आयोजित प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विष्णु दत्त दवे माँ ने भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वंदे मातरम् गान के साथ किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में शाखा अध्यक्ष परसराम कंसारा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए शाखा द्वारा संचालित विभिन्न स्थाई एवं सेवा प्रकल्पों की जानकारी दी एवं भावी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। प्रान्तीय अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि भारत विकास परिषद अपने सदस्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा तथा भावी पीढ़ी में संस्कार निर्माण का कार्य करता है उन्होंने सदस्यों का निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से सेवा कार्य के लिए आव्हान किया।

प्रांतीय संगठन सचिव डॉ विष्णु दत्त दवे ने कार्यकारिणी को दायित्व की शपथ दिलाई तथा शाखा अध्यक्ष ने नवीन सदस्यों को संकल्प दिलवाया। इस मौके पर शाखा सचिव द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष जीवन बंजारा ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा गत वर्ष के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन करवाया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह खीमारामजी ने कहा कि समाज हमें सब कुछ देता है इसलिए हम भी समाज को कुछ देना सीखें। हमारा जीवन समाज के लिए समर्पित होना चाहिए, समाज का कार्य पूरे मन से करना और जनमानस में सेवा भाव जागृत करके राष्ट निर्माण में सहभागी बनना चाहिए उन्होंने बताया कि परिषद संघ का ही एक अनुषांगिक संगठन है अतः हमें सक्रिय होकर संगठन का कार्य करना चाहिए प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी प्रान्तीय सचिव राजकुमार जोशी ने भी सदन को सम्बोधित किया। कार्यक्रम संयोजक नैनाराम चौहान ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर उपस्थित प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी डॉ प्रेमराज परमार, संजीव माथुर, अमृत प्रजापत, पूर्व चेयरमैन सांवलाराम देवासी, प्रभुराम पांचाल, अशोक धारीवाल, सावलसिंह लोल, गोपीलाल गौड, विनीता माथुर, कन्हैयालाल शर्मा, फाउलाल जीनगर, डॉ एम एम जांगिड, बलवंतराम पुरोहित, सुमित बाहेती, डॉ भरत सुथार, पारसमल सोनी, जगतपाल सिंह, राजेंद्र बोहरा, डॉ अरुण दवे, डॉ रोहित परमार, प्रकाश सोनी, यशवंत व्यास, किशोर सांखला, राजेंद्र छाजेड, डॉ रमेश देवासी, डॉ बाबूलाल चौधरी, डॉ रोहित परमार, डॉ अशोक राव, डॉ रवि पटेल, डॉ हार्दिक पटेल, मुकेश चौहान, जेरूप जी माली, डॉ रतन पटेल, राजेश मेहता, शैलेश दवे, डॉ अक्षय बोहरा, विवेकानंद बिस्सा, जीवन बंजारा, सुरेश पारीक, दिनेश सोनी चाटवाड़ा, अशोक सोनी, पारसमल माली, नरपत सिंह राव, सुरेश वैष्णव, संदीप देसाई, महेंद्र शर्मा, दिनेश वत्सल, शैलेश दवे, भरत अग्रवाल, नरेंद्र सिंह सोलंकी, डॉ अवनी पटेल, आदि कई सदस्य मौजूद रहे।

## बंदरों को खीरा फल खिलाए

**पाली**, (नि.सं.)। रोटी बैंक के सदस्यों ने हर रविवार की तरह इस बार भी अध्यक्ष आनंद कवाड़ के नेतृत्व में रानी धनी रोड पर स्थित कोटेश्वर महादेव की पहाड़ियों में विचरण करने वाले बंदरों को खीरा ककडी, ककडी बाटा और फल खिलाए। छोटे पक्षियों मयूर आदि को दाना पानी दिया। बारिश के बावजूद भी सदस्य पहुंचे और वानरो की सेवा की।

## बेकाबू हुई बस, हादसा टला

**जोधपुर**, (कासं)। राइकाबाग फ्लाईओवर पर आज हादसा टल गया। यात्रियों से खचाखच भरी एक सिटी बस का स्टेयरिंग फेल हो गया।

तेज गति के साथ बेकाबू बस किसी अन्य वाहन से टकराती उससे पहले ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए बस के डिवाइडर से टकराते ही ब्रेक लगा दिए। बस के यकायक बेकाबू होने से यात्रियों में खलबली मच गई। कुछ यात्री जोर-जोर से चिल्लाने लग गए। डिवाइडर से बस के टकराने से सभी यात्रियों को जोर से झटका लगा, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। कई सवारियां बस में एक-दूसरे के ऊपर नीचे गिर पडी। उन्हें हल्की चोट अवश्य आई। एक बार फ्लाई ओवर पर वाहनों की कतार लग गई। बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंच रास्ता खुलवाया।

# हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन



बाड़मेर में कार्य के बहिष्कार की मांग को लेकर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर जिले के रामसर उपखण्ड के 33/11 केवी सब स्टेशन आसाडी में इंजीनियर सुपरवाईजर पर जानलेवा हमला करने, राजकार्य में बाधा पहुंचाने एवं रूपए छीनकर ले जाने के मामले में घटना के सात दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोमवार को डिस्कॉम कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए अधीक्षण अभियंता एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।

विद्युत विभाग कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति बाड़मेर के बैनर तले दिए गए ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि 28 जून को इंजीनियर सुपरवाईजर डलाराम भील 33/11 केवी उप चैकी आसाडी में आयोजित बिल संग्रहण, बिल संशोधन व राजस्व वसूली शिविर में गए हुए थे। उनके साथ सहायक राजस्व अधिकारी धीरसिंह, बांकाराम, प्रहलादराम सहित अन्य कर्मचारी भी जीएसएस पर मौजुद थे। इस दौरान 28 जून को दोपहर करीब 3.30 नामजद तीन लोगों ने सरकारी बिल्डिंग में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर ड्यूटी के दौरान राजकार्य में बाधा पहुंचाकर डलाराम इंजीनियर सुपरवाईजर को जातिगत शब्दो से अपमानित करते हुए जान से मारने की नियत से सिर पर लोहे के सरिया से वार किया। जिससे उसका सिर फट गया। आरोपीयो ने कर्मचारी के साथ थापों, लातों से मारपीट कर जेब में रखे रुपए छीनकर ले गए।

कर्मचारियों का कहना हैं कि घटना में शामिल आरोपियों मे से एक आरोपी जालमसिंह विभाग के पूर्व में कनिष्ठ अभियंता माखनलाल मीणा के साथ मारपीट का आरोपी है, जो अभी जमानत पर है। कर्मचारियों के मुताबिक घटना को एक सप्ताह बीत गया है। लेकिन पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर उन्हे संरक्षण देने का कार्य कर रही हैं, जिससे निगम कर्मचारियों में भय व रोष की स्थिति हैं।

सभी ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होने पर धरना देने एवं कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।

इस अवसर पर इंटक अध्यक्ष पेमाराम चौधरी, महासचिव जेठाराम शर्मा, पूनाराम वाघेला, अमित कुमार, नवीन कुमार, हनुमानराम चौधरी, राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन बाड़मेर के जिलाध्यक्ष रमेश पंवार, कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष लिखमाराम हुड्डा, कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल, विजय कुमार, सुरज कुमार, मेघाराम चौधरी, राहुल गुप्ता, चेनाराम, सुमेरसिंह मीणा, धर्मेन्द्र कुमार, हसन खान, एटक जिलाध्यक्ष रूगसिंह राजपुरोहित, राजेन्द्र सोनी, अमजद खान सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# अजय छंगाणी भाजपा के नोख मंडल अध्यक्ष बने

**पोकरण**, (निसं)। जैसलमेर जिले के सबसे दुरस्त त्रिवेणी संगम पर बसे नोख कस्बे को कुछ महीने पहले मंडल तो बना दिया गया लेकिन मंडल अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा नहीं की गई थी। जिसको लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य महंत प्रतापपुरी उपस्थित रहे। इससे पहले अतिथियों का साफा, माला व साल पहनाकर भारत की परंपरा के तहत स्वागत किया गया। उसके बाद सभी की सर्वसम्मति से नवगठित नोख मंडल के अध्यक्ष पद पर युवा उद्यमी अजय छंगाणी को नियुक्त किया गया। वही महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पद के लिए मंजू माली को नियुक्त किया गया। ग्रामीणों ने मुंह मीठा करवा कर पहला मंडल अध्यक्ष,व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष बनने पर खुशी जताई।

बैठक को संबोधित करते हुए महंत प्रतापपुरी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है। जिसमें सामान्य कार्यकर्ताओं को संगठन में सबसे उच्च पद पर ले जाया जा सकता है। जिसकी कोई कल्पना नहीं की जा सकती। इसमें कोई भाई भतीजावाद, परिवारवाद को महत्व नहीं दिया जाता है। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शारदा ने बताया कि कभी किसी ने सोचा ही नहीं कि एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनाना व एक चाय बेचने वाले को देश का प्रधानमंत्री बनाना। ऐसा उदाहरण भारतीय जनता पार्टी की ही देन है। नोख व नाचना मंडल प्रभारी नारायणसिंह तंवर ने बताया कि भाजपा के आठ साल के कार्यकाल में कई अच्छी-अच्छी योजनाओं को जनता के बीच पहुंचाना भारतीय जनता पार्टी की देन है। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष अजय छंगाणी ने कहा कि पार्टी के भरोसा पर मैं खरा उतरते हुए 2023, 24 में होने वाले चुनाव में पार्टी को मजबूत प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। वही जल्द मंडल ही बाकी की कार्यकारिणी का विस्तार कर पार्टी को मजबूत बनाते हुए कार्य करने का प्रयास करूंगा।

बैठक में जिला महामंत्री सुशील व्यास, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष समता व्यास, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान श्रीमती करुणा कवर, मंडल प्रभारी नारायणसिंहतवर, जिला परिषद सदस्य उत्तमसिंह तवर बोडाना, मंडल अध्यक्ष अजय छंगाणी, उपप्रधान महिपाल सिंह भाटी, नगाराम सुथार पंचायत समिति सदस्य, पुष्पा बिश्नोई मजदूर यूनियन महिला जिला अध्यक्ष, सहित कई जने मोजूद रहे।

## रावणा राजपूत सभा की बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में सायला के रावणा राजपूत सभा भवन में सायला तहसील के युवा महासभा तहसील अध्यक्ष के चुनाव के लिए बैठक आयोजित हुई।

बैठक में महासभा जिलाध्यक्ष राजूसिंह राजपुरा व युवा महासभा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह सिसोदिया के साथ सायला तहसील के सभी समाज बंधु उपस्थित रहेंगे। सभी मिलकर सर्वसहमति से तहसील अध्यक्ष युवा महासभा का चुनाव करेंगे।

बैठक के अनुसार चुनाव प्रभारी बलवन्तसिंह चौहान सायला व सहायक चुनाव प्रभारी श्रवणसिंह राठौड़ सायला रहेंगे। चुनाव कमेटी में मुख्य चुनाव अधिकारी में मोट सिंह चौहान सायला व सहायक चुनाव अधिकारी विक्रम सिंह चौहान सायला रहेंगे। साथ ही बैठक में सायला महासभा तहसील अध्यक्ष बलवन्तसिंह जी चौहान अपनी तहसील कार्यकारिणी की और हरी सिंह सिंघल सायला नगर कार्यकारिणी की घोषणा भी करेंगे।

## प्रवीण ऋषि राज्य अतिथि

**जोधपुर**, (कासं)। श्रमण संघीय द्वितीय पट्टधर आचार्य आनंद ऋषि म.सा. के शिष्य उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि म.सा. को राज्य सरकार द्वारा राज्य अतिथि का दर्जा दिया गया है।

संघ के अध्यक्ष सुकनराज धारीवाल ने बताया कि सचिवालय जयपुर के डिप्टी सैक्रेटी नरेश विजय के हस्ताक्षिरत पत्रांक के अनुसार प्रवीण ऋषि म.सा. को राजकीय अतिथि का सम्मान प्रदान किया है।


**आम सूचना**

मैं अभीजित पुत्र बंशीलाल सुथार निवासी सायला जिला जालोर सूचित करता हूँ कि मैं दिनांक 01/07/2022 को अपने मित्र की मोटर साईकिल से मानपुरा कॉलोनी जालोर से रिको औद्योगिक क्षेत्र थर्ड फेस की ओर जाते वक्त मेरा बैग कही खो गया। बैग में हिसाब के कागज, नागरिक बैंक जालोर की दो हस्ताक्षरसुदा चैक बुक्स जो प्रथम चैक सं. 021276 से 021300 तथा दुसरी बुक की चैक सं.026926 से 026950 खो गया। काफी ढुढने के बाद भी नहीं मिले। किसी को मिलने पर मुझे सूचित करे।

अभीजित सुथार
मो नं.- 7665984888

**Office Of Gram Panchayat KOLUTALA, Block-SAM Hq JAISALMER**

S.No.GraPa/Tender/2022-23/22 Dated:- 28.06.2022

**E- Tender Notice No. - 01/2022-23**

Under Mahatma Gandhi NREGA scheme in the finacial year 2022-23 in Gram Panchayat KOLUTALA, E-tender are invited till dated 07.07.2022 till 6.00 PM, from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction materials for the construction works to be carried out. Further details regarding the tender can be checked on the web portal http://www.sppp.rajasthan.gov.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in

NIB Code : PFJ2223A0018
UBN Code : PFJ2223GLRC00021

VDO/Sarpanch
Gram Panchayat KOLUTALA
Block - SAM HQ JAISALMER

**कार्यालय ग्राम पंचायत मौखातरा पं.स. सरनाऊ**

क्रमांक/ग्रा.पं.मौ./2022-23/100 दिनांक 02/07/2022

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

ग्राम पंचायत मौखातरा में वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु महात्मा गांधी नरेगा योजना में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता(ओं)/विक्रता(ओं)/फर्मो/संवेदको/आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

| क्र. स. | ग्राम पंचायत का नाम | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की दिनांक व समय | डी.डी./बीसी व तकनीकी बिड की हार्ड कॉपी ग्राम पंचायत में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑन-लाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत मौखातरा | दिनांक 06.07.2022 को 10.00 AM से 16.07.2022 5 PM तक | दिनांक 06.07.2022 को 10.00 AM से 18.07.2022 5 PM तक | 19.07.2022 को 10.30 AM से |

सरपंच
ग्राम पंचायत मौखातरा
पं.स. सरनाऊ (जालोर)

NIB ZJR2223A0162 .
UBN No. ZJR2223GLOB00337

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मौखातरा
पं.स. सरनाऊ (जालोर)